# अपना तो है एक सहारा खाटू वाला श्याम हमारा भजन लिरिक्स

अपना तो है एक सहारा,
खाटू वाला श्याम हमारा,
गर्व से हम कहते है,
सांवरे की कृपा से,
चले अपना गुज़ारा,
अपना तो हैं एक सहारा।bd।

तर्ज – तेरा साथ है कितना प्यारा।

---

जबसे इसका साथ मिला,
करता नहीं फिकर,
रहता हर पल साथ मेरे,
बनके हमसफ़र,
हम दीनो का नाथ सांवरा,
ले हाथों में हाथ सांवरा,
बदले पल में नज़ारा,
सांवरे की कृपा से,
चले अपना गुज़ारा,
अपना तो हैं एक सहारा।bd।

---

आँख मिचोली सुख दुःख ने,
खेला था जमकर,
जबसे पकड़ी श्याम ने,
डोर मेरी कस कर,
थम सी गई है अब हर हलचल,
खुशियों में बीते मेरा हर पल,
जीवन मेरा संवारा,
सांवरे की कृपा से,
चले अपना गुज़ारा,
अपना तो हैं एक सहारा।bd।

---

और भला हम क्या चाहें,
इतनी है अरदास,
रखना अपने चरणों के,
हमको हमेशा पास,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

है दिल की यही आखरी ख्वाहिश,
हाथ जोड़ के तुमसे गुज़ारिश,
'कुंदन' करे तुम्हारा,
सांवरे की कृपा से,
चले अपना गुज़ारा,
अपना तो हैं एक सहारा।bd।

---

अपना तो है एक सहारा,
खाटू वाला श्याम हमारा,
गर्व से हम कहते है,
सांवरे की कृपा से,
चले अपना गुज़ारा,
अपना तो हैं एक सहारा।bd।

**Singer – Rajeev Toofani**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com